भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 950

जिसका उत्तर 05.02.2026 को दिया जाना है

नए टोल प्लाजा

950. डॉ. एम. के. विष्णु प्रसाद:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत छह वर्षों के दौरान निर्मित राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) की राज्य-वार कुल लंबाई (किलोमीटर में) कितनी है;

(ख) विगत छह वर्षों के दौरान तमिलनाडु में निर्मित ऐसे राष्ट्रीय राजमार्गों का ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत छह वर्षों के दौरान इन नवनिर्मित राष्ट्रीय राजमार्गों पर खोले गए नए टोल प्लाजा की राज्य-वार संख्या कितनी है; और

(घ) आगामी वर्षों में स्थापित किए जाने वाले टोल प्लाजा की राज्य-वार संख्या कितनी है और वे किन स्थलों पर स्थापित किए जाएंगे?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) विगत छह वित्तीय वर्षों के दौरान निर्मित राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच), जिनमें तमिलनाडु राज्य भी सम्मिलित है, की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार लंबाई का विवरण अनुलग्नक-I में दिया गया है।

(ग) विगत छह वित्तीय वर्षों के दौरान संचालित किए गए शुल्क प्लाज़ाओं का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुलग्नक-II में दिया गया है।

(घ) शुल्क प्लाज़ा सामान्यतः पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं पर राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दर निर्धारण एवं संग्रहण) नियमावली, 2008 के प्रावधानों तथा संबंधित रियायत करार में निर्धारित शर्तों के अनुसार चालू किए जाते हैं, जिनमें दोनों दिशाओं में निकटतम शुल्क प्लाज़ाओं से दूरी का प्रावधान भी सम्मिलित होता है।

अनुलग्नक-I

"नए टोल प्लाजा" के संबंध में डॉ. एम. के. विष्णु प्रसाद द्वारा पूछे गए दिनांक 05.02.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 950 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

पिछले छह वित्तीय वर्षों के दौरान निर्मित राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) की लंबाई (किलोमीटर में) का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण:-

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	निर्मित लंबाई (किमी)
1.	आंध्र प्रदेश	3443
2.	अरुणाचल प्रदेश	1170
3.	असम	2058
4.	बिहार	2913
5.	छत्तीसगढ	1567
6.	गोवा	198
7.	गुजरात	2682
8.	हरियाणा	1861
9.	हिमाचल प्रदेश	866
10.	झारखंड	1648
11.	कर्नाटक	2954
12.	केरल	1253
13.	मध्य प्रदेश	4814
14.	महाराष्ट्र	10579
15.	मणिपुर	1435
16.	मेघालय	475
17.	मिजोरम	990
18.	नागालैंड	1144
19.	ओडिशा	2765
20.	पंजाब	1592
21.	राजस्थान	4942
22.	सिक्किम	297
23.	तमिलनाडु	3239
24.	तेलंगाना	1904
25.	त्रिपुरा	566
26.	उत्तर प्रदेश	4923
27.	उत्तराखंड	1871
28.	पश्चिम बंगाल	1336
29.	संघ राज्य क्षेत्र	1874

अनुलग्नक-II

"नए टोल प्लाजा" के संबंध में डॉ. एम. के. विष्णु प्रसाद द्वारा पूछे गए दिनांक 05.02.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 950 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

पिछले छह वित्तीय वर्षों के दौरान संचालित शुल्क प्लाजाओं की संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	शुल्क प्लाजाओं की संख्या
1.	आंध्र प्रदेश	34
2.	असम	10
3.	बिहार	19
4.	छत्तीसगढ	19
5.	गुजरात	20
6.	हरियाणा	53
7.	हिमाचल प्रदेश	5
8.	जम्मू और कश्मीर	5
9.	झारखंड	15
10.	कर्नाटक	28
11.	केरल	5
12.	मध्य प्रदेश	62
13.	महाराष्ट्र	55
14.	ओडिशा	19
15.	पंजाब	24
16.	राजस्थान	79
17.	तमिलनाडु	27
18.	तेलंगाना	21
19.	उत्तर प्रदेश	81
20.	उत्तराखंड	6
21.	पश्चिम बंगाल	19

*****